## GANDHI MEMORIAL NATIONAL COLLEGE
## AMBALA CANTT – 133001

Phones: 0171-2640321, 2633151 (O), 2601281 (R)
Fax: 0171-2633151
E-MAIL: gmncollege@gmail.com

Website: www.gmncollegeambala.ac.in


# Important Days Celebration

Gandhi Memorial National College, Ambala Cantt has celebrated the journey of seven momentous decades for expanding landscapes of learning and critical thinking. Today, this college is known as a premier institution of higher learning that nurtures intellectual and academic striving, vibrant curricular activities, outreach initiatives and civic engagement. After partition, a great visionary and philanthropist Sh. Jaswant Rai with other renowned associates planted the seeds of D.A.V. College, Rawalpindi at Ambala which flourished into G.M.N. College in 1948. Having had a modest beginning in a building with thatched roofs, today the college has a whole range of infrastructural facilities such as high-tech Seminar Rooms, Smart Class Rooms, Arts, Science and Commerce block, well-equipped laboratories, departmental rooms equipped with computers and internet facilities, gymnasium, fully automated library, e-library, extensive sports fields. The college has become a perfect example for academic and extra-curricular achievements. Celebration of events is a part of our education. Celebration of every important day is a part of Indian culture and this same culture is followed by our college. Various departments/cells of the college celebrate many important days such as International Yoga Day, National Youth Day, Teacher’s Day, Hindi Diwas, International Women Day, Voter Awareness Day etc.

# Glimpse OF Celebrations

## World Senior Citizen's Day






### छात्रों ने वृद्धाश्रम में चलाया स्वच्छता अभियान

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज छावनी के अंग्रेजी विभाग व एनएसएस इकाई ने विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस बेसहारा एवं वृद्ध लोगों के साथ अपना घर में मनाया गया। स्वयंसेवकों द्वारा वहां स्वच्छता अभियान चलाया गया और बुजुर्गों को फल वितरित किए। प्राचार्य डॉ. राजपाल की ओर से प्रत्येक वृद्ध को एक-एक चादर भेंट की गई। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनीस ने कहा कि इस अभियान के पीछे हमारा उद्देश्य यही है कि हमारे विद्यार्थी इन वृद्ध लोगों की जीवन यात्रा, पीड़ा, सुखद क्षण और अनुभवों से परिचित हो। रेडक्रास सोसायटी के कार्यक्रम अधिकारी मनोज सैनी ने सभी प्राध्यापकों और विद्यार्थियों को सभी वृद्ध व बुजुर्गों से मिलवाया। विद्यार्थियों ने डॉ. सरोज में डॉ. धर्मवीर सैनी के नेतृत्व में सभी बुजुर्गों के कमरे में एयर प्रेशर लगवाया व स्वच्छता अभियान चलाया। संवाद

## National Safe Motherhood Day







दैनिक जागरण 12/04/2022

### जीएमएन कालेज ने मनाया सुरक्षित मातृत्व दिवस

जीएमएन कॉलेज ने कैंट के सिविल अस्पताल में मनाया 'सुरक्षित मातृत्व दिवस'।

अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज के अंग्रेजी विभाग द्वारा प्राचार्य डा. राजपाल सिंह के नेतृत्व में सिविल अस्पताल अंबाला कैंट के सहयोग से लालकुर्ती के आंगनबाड़ी केंद्र में सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया गया। डाक्टर जोगिंदर और डा. प्रिंसी सहित 30 विद्यार्थियों ने भाग लिया। आंगनबाड़ी केंद्र में आने वाली गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को स्वच्छता और भोजन में पौष्टिक आहार ताजे फल, सब्जियां, खनिज और विटामिन से भरपूर फाइबर युक्त आहार शामिल करने की सलाह दी गई। डा. प्रिंसी ने महिलाओं से नियमित अंतराल पर छोटे, नियमित भोजन करने की सलाह दी। ताकि पाचन को बढ़ावा दिया जा सके। इस मौके पर संयोजक कमलेश कुमारी, डा. ज्योति, डा. अंशु चौधरी, डा. अमित कुमार, डा. नीना आदि मौजूद रहे। (जासं)

## World Dance Day






### नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी

छावनी के गांधी मेमोरियल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी व शिक्षक।

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज छावनी के संगीत विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। रवनूर, शिवा व महकप्रीत ने नृत्य पेश किया। छात्राओं के नृत्य में पंजाबी, आधुनिक नृत्य और शास्त्रीय नृत्य की छटा देखने को मिली। अंत में विभाग द्वारा कलाकारों को स्मृति चिह्न प्रदान किए गए। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. राजपाल सिंह, संगीत गायन व वादन विभागाध्यक्ष डॉ. मनजीत कौर व डॉ. चंद्रपाल पूनिया मौजूद रहे। संवाद


## Teacher's Day



### शिक्षक दिवस मनाया गया

अम्बाला छावनी, 7 सितंबर (नितिन कुमार)। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज अंबाला कैंट एनएसएस यूनिट द्वारा शिक्षक दिवस मनाया गया जिसमें विद्यार्थियों को इस पवित्र दिवस के इतिहास एवं गरिमा के बारे में बताया गया। स्वयंसेवकों ने सम्मान स्वरूप कॉलेज के सभी शिक्षकों को अपने हाथों से कार्ड बनाकर वितरित किए जिसमें उन्होंने अध्यापकों के लिए कुछ पंक्तियां लिखकर उनके प्रति अपना अगाध प्रेम अभिव्यक्त किया। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. बी.के. जैन ने एनएसएस यूनिट को बधाई देते हुए कहा कि एक प्रामाणिक शिक्षक ही स्वच्छ समाज एवं खुशहाल देश का निर्माण कर सकता है।

## Ozone Day




## Teej Festival



### जीएमएन कॉलेज में तीज महोत्सव मनाया

अम्बाला | जीएमएन कॉलेज में हरियाली तीज महोत्सव प्रिंसिपल डॉ. राजपाल सिंह के दिशा-निर्देशन में हुआ। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. अंजू जैन और डॉ.सीमा कंसल ने किया। मंच का संचालन डॉ. शिखा जग्गी व डॉ. रवनीत कौर ने किया। तीज के आयोजन के लिए कॉलेज परिसर में पेड़ पर झूला डाला गया, जिस पर झूला झूलकर सभी ने तीज महोत्सव मनाया। इस मौके पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मौके पर डॉ. अमिता, डॉ. वीके जैन, प्रो. सज्जन सिंह, डॉ. सुदर्शन गासो, एसके भाटला, डॉ. राजेंद्रा, डॉ. एसएस नैन, बृजेश कुमार, डॉ. कृष्ण कुमार, डॉ. एसके पांडे मौजूद रहे।

## International Day for Disaster Risk Reduction



### आपदा प्रबंधन पर व्याख्यान का आयोजन

अम्बाला छावनी, 14 अक्टूबर (नितिन कुमार)। जीएमएन कॉलेज के वनस्पति एवं जीव विज्ञान विभाग तथा फरूखा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में तथा प्राचार्य डॉ राजपाल सिंह के नेतृत्व में आपदा प्रबंधन पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। हरियाणा होमगार्ड के इंस्ट्रक्टर, इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने विद्यार्थियों को कहा कि भूकंप, आग और बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए व्यक्ति की शारीरिक और मानसिक स्थिति तथा संयम का होना बहुत आवश्यक है। बाढ़ से बचाव के लिए उन्होंने बताया कि ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने चाहिए। मौके पर घायलों को दुर्घटनाग्रस्त क्षेत्र से बाहर निकालने, अत्यधिक रक्त प्रवाह की स्थिति में प्राथमिक उपचार, स्ट्रेचर तैयार करना, घायल व्यक्ति को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाना आदि के तरीकों के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। डॉ कुलदीप यादव ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया। मंच संचालन अति नियोजित ढंग से डॉ शिखा जग्गी ने किया। जीएमएन कॉलेज व फारुखा खालासा स्कूल के विद्यार्थी और स्टाफ मौजूद रहे।



# Yoga Day Celebration




पंजाब केसरी 22/06/2022



## प्रतिभागियों ने योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का लिया प्रण

जी.एम.एन. कालेज अम्बाला छावनी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कालेज प्राचार्य डा. राजपाल सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के महत्व को विस्तार से बताते हुए कहा कि योग भारत की प्राचीन परम्परा का एक अमूल्य उपहार है। यह दिमाग और शरीर की एकता का प्रतीक है। कार्यक्रम में शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रो. बृजेश गुप्ता भी मौजूद रहे।

कैप्टन डा. एस.एस. नैन ने बताया कि योग वास्तव में ध्यान लगाने के लिए एक मजबूत विधि के रूप में भी माना जाता है।

तत्पश्चात् सभी प्रतिभागियों ने यह प्रण लिया कि वह योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएंगे।

जी.एम.एन. कालेज में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में अभ्यास करते हुए। (पंकज)

दैनिक भास्कर 22/06/2022



जीएमएन कॉलेज : कैंट के जीएमएन कॉलेज योग दिवस पर हुए कार्यक्रम में प्रिंसिपल डॉ. राजपाल सिंह ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का महत्व बताया।

अमर उजाला 22/06/2022



अंबाला। जीएमएन कॉलेज छावनी में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। प्राचार्य डॉ. राजपाल सिंह ने योग के महत्व को विस्तार से बताया। संवाद

दैनिक जागरण 22/06/2022



गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज अंबाला कैंट में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास किया गया। प्राचार्य डा. राजपाल सिंह ने कहा कि योग भारत की प्राचीन परंपरा का एक अमूल्य उपहार है और यह दिमाग और शरीर की एकता का प्रतीक है। मौके पर शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रोफेसर बृजेश गुप्ता, कैप्टन डा. एसएस नैन मौजूद रहे। ● विज्ञप्ति

## Constitution Day







संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज , अंबाला छावनी के प्रांगण में संविधान दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ. राजपाल सिंह ने की।

यह कार्यक्रम राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. एसएस नैन के नेतृत्व में राजनीति विज्ञान विभाग एवं एनएसएस के संयुक्त तत्वाधान में हुआ । इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कॉलेज प्राध्यापक डॉ. केके पुनिया रहे। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. एसएस नैन, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. प्रवेश कुमार,डॉ. सरोज बाला और प्रोफेसर सज्जन सिंह उपस्थित रहे । कार्यक्रम में कुल 88 विद्यार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की । मंच संचालन डॉ. राकेश कुमार ने किया ।

इधर जीएमएन स्कूल में संविधान दिवस मनाया गया। इसमें बच्चों के साथ-साथ स्कूल के सभी स्टाफ ने भी शपथ ली। स्कूल की प्रधानाचार्य शीतल शर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान उन लिखित, अलिखित नियमों या कानूनों का समूह है, जिसके द्वारा सरकार का संगठन, सरकार की शक्तियों का विभिन्न अंगों में वितरण और इन शक्तियों के सामान्य सिद्धांत निश्चित किए जाते हैं।



## World Human Rights Day

कॉलेज में मनाया विश्व मानवाधिकार दिवस



अम्बाला | जीएमएन कॉलेज में समाजशास्त्र विभाग ने प्रिंसिपल डॉ. राजपाल सिंह की अध्यक्षता में विश्व मानव अधिकार दिवस मनाया गया। स्टूडेंट्स ने मानव अधिकार विषय पर पोस्टर बनाए। समाजशास्त्र विभाग की अध्यक्ष रचना खन्ना ने बताया कि इस दिवस को मनाने का उद्देश्य समानता-असमानता को कम करना, मानव अधिकारों को आगे बढ़ाना है। उन्होंने प्रतिभागियों, स्टूडेंट्स तथा प्रिंसिपल डॉ. राजपाल सिंह का धन्यवाद किया



## Smriti Diwas



## Harit Diwas

### साइकिल पर या पैदल आने का लिया संकल्प

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज की ओर से प्राचार्य डॉ. राजपाल सिंह की अध्यक्षता में कॉलेज में हरित दिवस मनाया गया। प्राचार्य ने कहा कि हरित दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य वातावरण को शुद्ध और स्वच्छ रूप प्रदान करना है। इस कार्य के लिए हमें वातावरण से प्रदूषण की मात्रा को कम करना होगा।

जीएमएन कॉलेज ने ये पहल की है कि महीने के पहले सोमवार को कोई स्टाफ सदस्य और विद्यार्थी किसी प्रकार के वाहन का प्रयोग नहीं करेगा और केवल साइकिल या पैदल ही कॉलेज प्रांगण में प्रवेश करेगा। इस अवसर पर विद्यार्थियों और शिक्षकों ने पैदल या साइकिल से कॉलेज आने का संकल्प लिया।

उन्होंने कहा कि प्रदूषण आंतरिक स्तर पर हो या बाहरी स्तर पर हो। व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है।




अंबाला छावनी स्थित गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज। संवाद

इसलिए हमें व्यक्तिगत और सामूहिक स्तर पर ऐसे सार्थक प्रयास करने चाहिए, ताकि वातावरण सुरक्षित हो सके।

सरकार के दिशा-निर्देशानुसार जीएमएन कॉलेज की यह एक सराहनीय शुरुआत और प्रयास है। इससे समाज के हर नागरिक को एक सार्थक संदेश मिलेगा। इस अवसर पर डॉ. राकेश कुमार नोडल अधिकारी हरित हरियाणा अभियान ने पर्यावरण संरक्षण में अहम भूमिका निभाई। इस मौके पर डॉ. बृजेश गुप्ता, डॉ. अमित कुमार, डॉ. राजेंद्र देशवाल, डॉ. चंद्रपाल पुनिया, डॉ. प्रवेश कुमार, डॉ. नीना और डॉ. अनीश मौजूद रहे।

## World Day of Social Justice

### LECTURE ON WORLD SOCIAL JUSTICE


Ambala: IA lecture on "World social justice" was organised by the legal literacy cell of GMN College under the chairmanship of college principal Dr Rajpal Singh. Dr Surendra Kumar Kundu acted as a resource person on this occasion. He told that World Day for Social Justice 2022 is celebrated every year. Social justice works to establish justice in human rights and the distribution of opportunities and privileges in the society amidst the inequalities spread in the world. Principal Dr. Rajpal Singh stated that justice is very important for any civilised society and justice protects the moral and human rights of the people along with keeping the society away from many evils and anti-social elements. He said the inequality and discrimination spread in the society intensifies the demand for social justice, which is a considerable aspect.

### विद्यार्थियों को व्यावसायिक नैतिकता और आयामों के बारे में दी जानकारी



कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित करते वक्ता।

## World Civil Defence Day



## International Women Day

# महिलाओं का सम्मान करने का दिया संदेश

अंबाला। जीएमएन कॉलेज के प्रांगण में महिला प्रकोष्ठ और मीडिया सेल ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने महिलाओं का समाज और परिवार के प्रति निभाई जाने वाली जिम्मेदारियों को विस्तृत रूप से दिखाया। साथ ही महिला प्रकोष्ठ के स्वयंसेवकों ने सड़क सुरक्षा, लैंगिक समानता, महिलाओं के खिलाफ हिंसा, घरेलू हिंसा आदि के बारे में समाज को संदेश देकर जागरूक किया। संवाद

## No Smoking Day



## World Water Day

# सिंचाई के लिए पानी की गुणवत्ता महत्वपूर्ण

संवाद न्यूज एजेंसी




कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व अन्य। संवाद

अंबाला। अंतरराष्ट्रीय जल दिवस के उपलक्ष्य में गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज छावनी व हरियाणा सौजन्य भारतीय विज्ञान कांग्रेस रोहतक चैप्टर द्वारा एक दिवसीय वेबिनार हुआ। इसकी अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ. राजपाल सिंह ने की।

वेबिनार का विषय हार्ड रॉक टेरेन में जल संसाधन प्रबंधन था। इस संगोष्ठी में डॉ. एसपी खटकर, एमेरिटस साइंटिस्ट एमडीयू रोहतक और प्रो. सुरेश प्रसाद सिंह पूर्व कुलपति वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, बिहार ने मुख्य वक्ता के रूप में कार्य किया।

डॉ. कुलदीप यादव ने संगोष्ठी के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। अपने उद्घाटन भाषण में डॉ. एसपी सिंह ने कहा कि सतत आर्थिक विकास के लिए एकीकृत जल प्रबंधन महत्वपूर्ण है और विभिन्न क्षेत्रों में आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पानी की उपलब्धता पर दबाव है। सिंचाई के उद्देश्य से पानी की गुणवत्ता भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

सचिव डॉ. धर्मवीर सैनी ने बताया कि इस संगोष्ठी के लिए सभी प्रमुख शिक्षण संस्थानों के लगभग 100 प्रतिभागियों अपना पंजीकरण कराया। डॉ. मीनू र… ने मुख्य वक्ताओं के साथ-साथ अ… सभी प्रतिभागियों को संगोष्ठी में शामि… होने के लिए धन्यवाद दिया। इस मौके डॉ. शिखा जग्गी व अन्य मौजूद रहे।



## Panchayati Raj Day



मुख्य अतिथि के विचार सुनते छात्र। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। जीएमएन महाविद्यालय में राजनीतिक शास्त्र व लोक प्रशासन विभाग की ओर से पंचायती राज दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें लोक प्रशासन विभाग के प्राध्यापक डॉ. कृष्ण कुमार पुनियों ने पंचायती राज दिवस की शुरुआत, महत्ता व उद्देश्यों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

प्राचार्य डॉ. राजपाल सिंह ने कहा कि पंचायती राज संस्थाएं प्राचीन काल से ही भारतीय राजनीतिक व्यवस्था का अभिन्न अंग रही हैं। उन्होंने शिक्षकों व छात्रों का पंचायती राज दिवस की बधाई दी। उन्होंने बताया कि ग्रामीण विकास को समग्र रूप में समझने के लिए पंचायती राज संस्थाओं का अध्ययन आवश्यक है। इस अवसर पर राजनीति शास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. एसएस नैन, डॉ. तृप्ति शर्मा, डॉ. सरोज लोहान उपस्थित रहे।

## Selfie With Daughter

